परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय - 2 , मुंबई

आवधिक परीक्षा - 2 [2023 -24]

कक्षा - आठवीं अंक - 20

विषय - हिंदी [तृतीयभाषा] समय - एक घंटा

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4

इंग्लैंड में हिंदी के तमाम जानकारों के बीच एक हंगेरियन का हिंदी पढ़ाने के लिए चुना जाना कम बड़ी बात नहीं है । जहाँ तक हंगरी की बात है तो मेरे समय में वहाँ न तो हिंदी भाषी लोग थे और न ही किताबें थीं । डॉक्टर हुकुम सिंह नामक एक गणितज्ञ ने हिंदी सीखने में मेरी काफी मदद की । आज हंगरी में मैंने हिंदी का पुस्तकालय बना रखा है, जिसकी किताबें भारतीय दूतावास ने उपलब्ध कराई हैं । मैं बुडापेस्ट में भारतीय पोशाक ही पहनती हूँ जिसे देख मेरे छात्रों में भी इसके प्रति ललक बढ़ी है । कड़ाके की ठंड के चलते वहाँ सलवार - सूट ही ठीक है इसलिए साड़ी कम पहनते हैं ।

[क] हिंदी भाषा के लोग कहाँ नहीं थे ?

[ख] लेखिका की हिंदी सीखने में मदद किसने की ?

[ग] लेखिका बूडापेस्ट में किस देश की पोशाक पहनती थीं ?

[ग] हेनरी के छात्रों में किस के प्रति ललक बढ़ी ?

प्र.2 निर्देश अनुसार उत्तर लिखिए -

[क] निम्नलिखित शब्दों के दो - दो सामान अर्थ लिखिए - [2]

दोस्त ----------------- ---------------------

पानी ----------------- ----------------------

[ख] निम्नलिखित शब्दों को नमूने के अनुसार बदलिए - [2]

नमूना - गिरना - गिराना , गिरवाना

उठना - ------------------- ----------------

करना - ------------------ --------------

[ग] भाववाचक संज्ञा से विशेषण बनाइए - [2]

नमूना - घमंड - घमंडी

हिम्मत - --------------------- साहस - ---------------

स्वार्थ - ------------------------------- अत्याचार - --------------------------

प्र.3 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [5*2=10]

[क] केशव शंकर पिल्लै चित्रकला प्रतियोगिता क्यों करना चाहते थे ?

[ख] केशव शंकर पिल्लै ने बच्चों के लिए विश्व भर की चुनी हुई गुड़ियों का संग्रह क्यों किया ?

[ग] श्री राम राजू कौन था और उसने अंग्रेजों के सामने आत्मसमर्पण क्यों किया ?

[घ] अंग्रेजों से लड़ने के लिए कोया आदिवासी क्या - क्या करते थे ?

[ड] मारिया ने अनेक भाषाओं का अध्ययन क्यों किया ?

[च] किसान को बादलों का इंतज़ार क्यों रहता है ?

[छ] कवि ने किसान की तुलना चातक पक्षी से क्यों की है?

****